पत्रांकः— 14/ए0एफ0—17/2021...

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......./......./2021

विषयः— महारानी गीता प्रभात डिग्री महाविद्यालय, भीखनपुरा, महनार, वैशाली को स्नातक कला एवं विज्ञान संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2021—24 एवं 2022—25 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक—B/860 दिनांक 26.05.2021 एवं पत्रांक— B/919 दिनांक 08.06.2021 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा—21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या—1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक—14.12.2017 एवं पत्रांक—3074 दिनांक—25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने महारानी गीता प्रभात डिग्री महाविद्यालय, भीखनपुरा, महनार, वैशाली को स्नातक कला एवं विज्ञान संकायो में अपेक्षित संख्या में विषयवार पुस्तक सुनिश्चित करने के निदेश के साथ पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के निम्न विषयों में सत्र 2021—24 एवं 2022—25 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे सहमति प्रदान की है।

क्र0 सं0	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल, गणित, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र। (कुल 12 विषयों में)
02	विज्ञान संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा)	भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, गणित एवं इलेक्ट्रॉनिक्स (कुल 06 विषयों मे)

कला संकाय के मैथिली, परसियन एवं ऊर्दू विषय में शिक्षक नहीं रहने के कारण उस विषय में संबंधन की स्वीकृति प्रदान नही की गयी है।

2. निदेश दिया जाता है कि भविष्य में अगर महाविद्यालय परिनियमानुसार संबंधन के सभी मानकों/शर्त्तो को पूरा करता है तो परिनियम में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत स्थायी संबंधन से संबंधित अनुशंसा उपलब्ध करायी जाय।

आगामी अनुशंसा के पूर्व इस संबंध में मापदंड पूर्ण करने का निदेश संस्था को दें। साथ हीं, परिनियम में अंकित शर्त्तो/मानकों के पूरा नहीं किये जाने एवं अस्थायी संबंधन के अनुशंसा की स्थिति में इसके औचित्य पर प्रकाश डालें।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/—

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

Affi Letter 2021

ज्ञापांक-- 14 / ए0एफ0—17 / 2021 — 688 पटना, दिनांक 02 / 07 / 2021

प्रतिलिपि:-- माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के प्रधान आप्त सचिव / सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव / उप सचिव, शिक्षा विभाग / निदेशक, उच्च शिक्षा / सचिव, महारानी गीता प्रभात डिग्री महाविद्यालय, भीखनपुरा, महनार, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(2) आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को निदेशित किया जाता है कि विभागीय वेबसाईट पर इसे अपलोड किया जाय।

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव